# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

**प्रेस नोट–** दिनांक 26–07–2023

महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कारगिल में भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों के साहस और बलिदान का याद करते हुए कारगिल विजय दिवस सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) अजिता दीक्षित द्वारा महाविद्यालय में शौर्य दीवार के सामने दीप प्रज्जवलन करते हुए पुष्प अर्पित किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापको में जिसमें डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ0 संजय कुमार, श्री अतुल कुमार मिश्रा, श्री संजय कुमार गंगवार व महाविद्यालय कार्मिक श्री हरीश चन्द्र जोशी तथा श्री महेश सिंह कन्याल ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए देश की आन, बान और शान तथा उनके पराक्रम को याद किया साथ ही शहीदों के बलिदान को सम्मान दिया। चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों में श्री महेश लाल, श्री दशरथ सिंह बोहरा, श्री दिनेश चन्द सिंह रावत इस अवसर पर उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

(प्रो0 अजिता दीक्षित)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)